Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 06-12-2005

Participants : Budholiya Shri Rajnarayan

>

Title : Need to construct a stadium at Rathnagar in Hamirpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh for Promoting sports in the region.

श्री राजनरायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ.प्र.) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर, उ0प्र0 के राठ नगर में युवाओं को खेलकूद एवं खेल संबंधी अन्य आयोजनों हेतु कोई स्टेडियम न होने से बहुत परेशानी हो रही है। विभिन्न शिक्षण संस्थानों से इस क्षेत्र में उभरती प्रतिभाएं स्टेडियम के कारण आगे बढ़ने से वंचित रह जाती हैं। वर्तमान में यहां पर अनेक स्कूल एवं महाविद्यालय हैं परन्तु स्टेडियम न होने से बच्चे खेलकूद में पिछड़ जाते हैं तथा राट्रीय स्तर पर पहुंचने से वंचित रह जाते हैं। काफी समय से यहां की जनता द्वारा राठ नगर में एक स्टेडियम बनाने की मांग की जा रही है। छात्रों को खेलकूद हेतु प्रोत्साहित करने के लिए एक स्टेडियम की अत्यंत आवश्यकता है।

अतः माननीय अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से खेल मंत्री जी से अनुरोध है कि जनपद हमीरपुर के राठ नगर में स्टेडियम बनाने हेतु जमीन का चयन कर अतिशीघ्र वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने का कट करें।